छत्तीसगढ़ के अधिकारी अध्ययन के लिए पहुंचे

देहरादून। छत्तीसगढ़ खनन विभाग के अधिकारी उत्तराखंड की खनन नीति और ई-चेक गेट प्रणाली का अध्ययन के लिए पहुंचे। उन्होंने खान निदेशालय में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के अधिकारियों की बैठक में संबंधित विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इसके बाद छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के दल ने एमडीटीएसएस योजना के तहत स्थापित ई-चैक गेटों का मौके पर निरीक्षण भी किया। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उत्तराखंड की खनन नीति का अध्ययन करने के लिए पहले भी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के अधिकारी पहुंचे चुके। बैठक में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक राजपाल लेघा, खान अधिकारी ताजबर नेगी व छत्तीसगढ़ खनन विभाग के संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार मिश्रा, संयुक्त निदेशक भूपेंद्र कुमार और खान निरीक्षक राजू यादव शामिल थे। ब्यूरो